नईदुनिया

# सिंधी साहित्य मंच का आयोजन आज

**भोपाल (काप्र)।** भोपाल में साहित्य मंच का आयोजन रविवार को सावन नगर हलालपुरा स्थित निजी होटल में किया जाएगा। भारत सरकार की साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भोपाल और संत हिरदाराम नगर के अनेक रचनाकार शामिल होंगे। सिंधी रचनाकार हर्षा मूलचंदानी, समीक्षा लच्छवाणी, राकेश शेवानी और भारती आसुदानी अपनी रचनाएं पढ़ेंगी।

साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक दादा मोहन हिमथानी एवं वीना कला सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी ने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।